मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm- 358
28/07/2021

# मुख्यमंत्री ने लखनऊ–अयोध्या हाइवे पर हुये बस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है, हादसे में मृत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है

पटना 28 जुलाई 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में लखनऊ–अयोध्या हाइवे पर हुये बस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने हादसे में मृत 18 लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है एवं दुख की इस घड़ी में मृतक के शोक संतप्त परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। अभी तक इस हादसे में बिहार के 12 लोगों की मृत्यु एवं 10 लोगों के घायल होने की सूचना है।

मुख्यमंत्री ने हादसे में बिहार के रहने वाले मृतकों के परिजनों को 02–02 लाख रूपये देने का एलान किया है। इस हादसे में घायल लोगों के समुचित इलाज एवं बिहार लाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से समन्वय किया जा रहा है। घटनास्थल पर बिहार सरकार के अधिकारी भी भेजे जा रहे है।

मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में सभी घायलों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुये उनके शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

******